Rashtriya Sahara   Edition Delhi
17.1.2017 Page 15
Height 6.79cm Width 4.60 cm

आधार के जरिए लेनदेन शुरू

हैदराबाद। सार्वजनिक क्षेत्र के आंध्रा बैंक ने मोबाइल फोनों के जरिए नकदीरहित लेनदेन की एक नई पहल सोमवार को शुरू की जिसके तहत सिर्फ आधार संख्या की जरूरत होगी। आंध्रा बैंक के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक एन पटेल ने यहां इस पहल की घोषणा की। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एम वैंकेया नायडू, मनोहर पर्रिकर व बंडारू दत्तात्रेय भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इस पहल में नकदी लेनदेन के लिए केवल आधार संख्या की जरूरत होगी। यानी उपयोक्ता को किसी कार्ड या पिन का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा।